संख्याः 16/2018/746/33-3-2018-253/2017

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिला पंचायतराज अधिकारी,
गोरखपुर, जौनपुर, मिर्जापुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, गाजीपुर, एटा, आजमगढ़, चन्दौली, भदोही, बुलन्दशहर, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर, बाँदा, कन्नौज, इटावा, फर्रूखाबाद, कानपुर देहात, चित्रकूट, रायबरेली, हमीरपुर, लखीमपुर खीरी, शाहजहाँपुर, हरदोई, गोण्डा, फैजाबाद, श्रावस्ती, कासगंज, अलीगढ़, बदायूं, पीलीभीत, बहराईच, सीतापुर, बाराबंकी, संतकबीर नगर, बलरामपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा बस्ती, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग-3 **लखनऊ दिनांकः- 16 मार्च, 2018**

विषयः-कुपोषण की व्यापकता के आधार पर चयनित प्रदेश के 39 जनपदों में शबरी संकल्प अभियान के अन्तर्गत शबरी (SHABRI-Sustaining Health & Nutrition Above Red Indicator) कार्ययोजना के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 45/2017/20783/ 60-2-17-2/3(27)05 दिनांक 16 अक्टूबर, 2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश में मातृ एवं बाल पोषण में सुधार एवं मातृ, शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने हेतु राज्य सरकार कृतसंकल्प है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-4 के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार देश का हर चौथा कुपोषित बच्चा एवं लगभग हर दूसरी एनीमिक बालिका और गर्भवती महिला उत्तर प्रदेश से है। कुपोषण के उपर्युक्त परिदश्य के दृष्टिगत विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों में कन्वर्जेन्स स्थापित करते हुए प्रदेश में कुपोषण की रोकथाम हेतु **शबरी संकल्प अभियान** संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं। शबरी कार्ययोजना का उद्देश्य विभागीय कार्यक्रमों में कन्वर्जेन्स स्थापित करते हुए जनपद में 03 वर्ष की आयु के पीली एवं लाल श्रेणी के कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों में कुपोषण की दर में दिसम्बर 2018 तक 02 प्रतिशत की कमी लाना है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पंचायतीराज विभाग द्वारा निम्न 03 बिन्दुओं पर कन्वर्जेन्स स्थापित कर **शबरी संकल्प अभियान** में सहयोग किया जाना हैः-

- चिन्हित कुपोषित बच्चों के परिवारों में प्राथमिकता के आधार पर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण करवाकर चिन्हित ग्रामों को खुले में शौच मुक्त बनाना।
- प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुरक्षित जल (बोरिंग) की उपलब्धता सुनिश्चित कराना।
- ग्राम सभा द्वारा उक्त कार्यवाही की मासिक समीक्षा।

उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला पोषण समिति की बैठकों में क्रियान्वयन की प्रगति आख्या नियमित रूप से प्रस्तुत करें।

जिला पंचायतराज अधिकारी स्तर से सम्पादित किये जाने वाले कार्य-

1- जिला कार्यक्रम अधिकारी से कुपोषित बच्चों के परिवारों के संबंध में सूची प्राप्त करना।

http://shasnadeshup.nic.in

2- आंगनबाड़ी केन्द्रों पर क्रियाशील शौचालय एवं कुपोषित बच्चों के परिवार के लिये शौचालय के निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करना।

3- शौचालय के उपयोग को बढावा देने के लिये गतिविधियां करना।

4- उक्त की नियमित/अद्यतन अपडेशन सूचना फीड करना।

सहायक पंचायतराज अधिकारी स्तर से सम्पादित किये जाने वाले कार्य-

1- जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपलब्ध सूची अनुसार कुपोषित बच्चों के समस्त चिन्हित परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण कराना।

2- शौचालय के उपयोग को बढावा देने संबंधी सोशल बिहेवियर चेंज कम्यूनिकेशन गतिविधि प्रधान तथा आई0सी0डी0एस0/स्वास्थ्य के कर्मिकों के सहयोग से कराना।

सचिव, पंचायत द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य-

1- कुपोषित बच्चों के परिवारों के सदस्य के लिये कार्य सृजित करना।

2- कुपोषित बच्चों के परिवारों के सदस्य को जॉब कार्ड प्राप्त करने में सहयोग करना।

3- समस्त चिन्हित कुपोषित बच्चों के परिवारों को शौचालय उपलब्धता को प्रमाणित करना।

4- चिन्हित कुपोषित बच्चों के परिवारों में शौचालय का निर्माण।

5- शौचालय के उपयोग को बढावा देने संबंधी सोशल बिहेवियर चेंज कम्यूनिकेशन गतिविधि प्रधान तथा आई0सी0डी0एस0/स्वास्थ्य के कर्मिकों के सहयोग से कराना।

ग्राम प्रधान द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य-

1- आंगनबाड़ी केन्द्रों पर क्रियाशील शौचालय तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करना।

2- ए0एन0एम0 के समन्वय से बी0एच0एन0एस0सी0 के फण्ड का उपयोग सुनिश्चित करना।

3- समुदाय के विकास हेतु पोषण की महत्ता को समझना तथा इस हेतु फ्लैक्सी फण्ड का उपयोग करना।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

<u>प्रतिलिपिः-</u>निम्नलिखित का सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

2- अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन।

4- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं/परिवार कल्याण, उ0प्र0।

5- महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।

http://shasnadeshup.nic.in

6- आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0।

7- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ0प्र0।

8- विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।

9- संबंधित जिलाधिकारी, उ0प्र0।

10- संबंधित मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

11- संबंधित उप निदेशक (पं0), उ0प्र0।

आज्ञा से

(जितेन्द्र बहादुर सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in